अमर उजाला 16-03-2023

# प्रजेंटेशन प्रतियोगिता में शिवानी रहीं प्रथम

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग ने पीपीटी प्रजेंटेशन प्रतियोगिता कराई। इसमें 19 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता में शिवानी ने प्रथम स्थान, दीपा ने द्वितीय, हर्षित ने तृतीय स्थान व खुशी ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता डॉ. नेहा, डॉ. नियति, डॉ. सुजाता की देखरेख में की गई। संवाद